PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Wednesday 12th February 2014, Page: 3**
**Width: 11.72 cms, Height: 16.19 cms, a4, Ref: pmin.2014-02-12.45.34**

# डॉ. रेड्डीज के मुनाफे को मिला यूएस का डोज

प्रेट्र ▸ हैदराबाद...

**फार्मा** कंपनी डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज लिमिटेड (डीआरएल) ने मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसके शुद्ध मुनाफे में 70 फीसदी उछाल दर्ज किया गया है। इस बढ़ोतरी के चलते अक्टूबर-दिसंबर 2013 तिमाही में डीआरएल का शुद्ध मुनाफा 618 करोड़ रुपये पर जा पहुंचा।पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी ने 363.31 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

डीआरएल ने कहा है कि तीसरी तिमाही में अमेरिकी बाजार ने उसका मुनाफा बढ़ाने में बड़ी मदद की। वहां कंपनी के लिमिटेड एडिशन दवाओं की खासी मांग देखी गई, जिसने कंपनी को फायदा पहुंचाया।समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की बिक्री से हासिल कंसोलिडेटेड आय 23 फीसदी बढ़कर 3,534 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इस मद में कंपनी ने 2,865 करोड़ रुपये हासिल किया था। नतीजों के बारे में डीआरएल के प्रेसिडेंट, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) तथा मानव संसाधन के ग्लोबल प्रमुख सौमन चक्रवर्ती ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर 2013 तिमाही में कंपनी ने रिकॉर्ड प्रदर्शन किया है। हमारा ग्रॉस मार्जिन काफी बढ़िया है।इसकी मुख्य वजह यह है कि पिछली तिमाही में हमने कुछप्रोडक्टलांच किए, जिन्होंने शानदार नतीजे दिए हैं। कंपनी को तीसरी तिमाही




में उत्तरी अमेरिका के बाजारों से जनरिक राजस्व के मद में 1,622 करोड़ रुपये की रकम हासिल हुई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 76 फीसदी ज्यादा है। अक्टूबर-दिसंबर 2013 में यह आंकड़ा 924 करोड़ रुपये था। कंपनी ने अमेरिकी बाजार में एजेसिटिडाइन, डेसिटाबाइन, डोनेपेजिल 23एमजी तथा डाइवलप्रोएक्स ईआर टेबलेट्स के अलावा जेलेड्रोनिक एसिड लांच की।इन दवाओं ने कंपनी के राजस्व को मजबूती देने में बड़ी भूमिका निभाई। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि समीक्षाधीन अवधि में रूस और सीआईएस बाजारों से हासिल राजस्व में भी 21 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस बढ़ोतरी के साथ रूस और सीआईएस बाजारों से कंपनी ने जनरिक सेल्स के मद में 530 करोड़ रुपये हासिल किए।हालांकि यूरोपीय बाजार से कंपनी को खास मदद नहीं मिली। समीक्षाधीन तिमाही में यूरोपीय बाजार में हुआ बिक्री आंकड़ा 4 फीसदी गिरकर 186 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय बाजार से कंपनी को हासिल हुआ जनरिक सेल्स राजस्व 5 फीसदी बढ़कर 391 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 372 करोड़ रुपये था।

## प्रदर्शन

**618**
करोड़ रुपये पर जा पहुंचा डीआरएल का लाभ 70 फीसदी बढ़कर

**3,534**
करोड़ रुपये पर पहुंच गई बिक्री से हासिल कंसोलिडेटेड आय

**1,622**
करोड़ रुपये जनरिक सेल्स राजस्व हासिल किया उत्तरी अमेरिका से

**391**
करोड़ रुपये पर पहुंच गया भारत से हासिल जनरिक सेल्स राजस्व